दिनांक–18.03.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव को लेकर रैलियों का दौर शुरू। एनडीए की आंध्र प्रदेश में और इंडी गठबंधन की मुंबई में हुई रैली।
- लोकसभा चुनाव के लिये जिला स्तरीय प्रशिक्षण और अन्य तैयारियां जारी।
- मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में वर्षा और ओलावृष्टि के लिये किया अलर्ट जारी।
- डब्ल्यूपीएल क्रिकेट में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू ने डेल्ही कैपिटल को हराकर जीता खिताब।

राजनीतिक हलचल –1–

लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा और इंडी गठबंधन ने रैलियों का आयोजन शुरु कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के पालनाडू में एनडीए की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कल कहा कि एनडीए गठबंधन क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय विकास को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए का उद्देश्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की छोटी–छोटी जरूरतों पर भी ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत क्षेत्र के किसानों को सात सौ करोड़ रुपये से अधिक धन उपलब्ध कराया जा चुका है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार के दौरान अनेक उच्च शिक्षण संस्थाओं का उद्घाटन किया गया और आधारशिला रखी गई है। उन्होंने नागरिकों का आहवान किया कि वे विकसित भारत के लिए डबल इंजन की सरकार को चुनें। तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन. चन्द्रबाबू नायडु, जनसेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण और सभी तीन दलों के नेताओं ने चुनावी रैली में भाग लिया।

राजनीतिक हलचल–गठबंधन –2–

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। श्री गांधी ने कहा कि उन्हें चुनौतीपूर्ण भारत जोड़ो यात्रा करनी पड़ी क्योंकि बेरोजगारी, हिंसा, नफरत, महंगाई, किसानों के मुद्दे, अग्निवीर मुद्दों जैसे देश को बीमार करने वाले वास्तविक मुद्दों को मीडिया द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा था। राहुल गांधी मुंबई के प्रतिष्ठित शिवाजी पार्क में इंडिया गठबंधन की एक रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली से पहले राहुल गांधी ने मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक न्याय संकल्प पदयात्रा का नेतृत्व किया, जो उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन का प्रतीक है। किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि एनडीए सरकार कंपनियों द्वारा किसानों को उचित मुआवजा सुनिश्चित नहीं कर पाई है। गठबंधन के प्रमुख नेताओं में शिवसेना–यूबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज और पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती मौजूद रहे।

लोकसभा तैयारियां–प्रदेश –1–

लोकसभा निर्वाचन हेतु प्रदेश में विभिन्न तैयारियां की जा रही है। अशोकनगर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में एमसीएमसी एवं एमसीसी की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में पेड न्यूज, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया से संबंधित प्रकरणों के निराकरण किये जाने एवं विज्ञापनों के प्रमाणिकरण के संबंध में चर्चा होगी। खंडवा में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आज से 21 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। मतदान दल के लिए ई.व्ही.एम. के प्रशिक्षण के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय खण्डवा, सहित अन्य स्कूलों का चयन किया गया है। 3840 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिले से नियुक्त 68 मास्टर ट्रेनर द्वारा यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कटनी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जानकारियों के सम्प्रेषण,सूचनाएँ देने और शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम 16 मार्च से ही काम कर रहा है। सतना में विभिन्न राजनैतिक दलो और चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियो द्वारा शासकीय, अशासकीय भवनो की दीवारो पर किसी प्रकार के नारे लिखकर सम्पत्ति का विरूपण किये जाने की स्थिति में आदर्श आचरण संहिता के तहत तय समय–सीमा में विरुपण हटाने के निर्देश संबंधित उड़नदस्ता अधिकारियों को दिये हैं।

<u>लोकसभा तैयारियां–प्रदेश –2–</u>

ऐसे पोस्टर, बैनर हटाने, पंपलेट, नारे मिटाने के लिये सतना और मैहर जिले की विधानसभा क्षेत्रों के लिये 20 दल गठित किये है। विदिशा में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमाओं के अंदर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अधीन प्रतिबंधित आदेश जारी किए है। इसके तहत राजनैतिक दलो तथा संभावित प्रत्याशियो द्वारा जुलूस, जनसंपर्क, आमसभाएं इत्यादि गतिविधियों के लिए अनुमति लेना होगी। प्रशासनिक अमले ने नर्मदापुरम जिले में संपत्ति विरूपण अभियान के तहत कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। जगह–जगह नगर पालिका की टीम शहरी क्षेत्र और जनपद पंचायत का अमला ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण की कार्रवाई कर रहा है। होडिंग पोस्टर और बैनर हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। सागर जिले में चुनावी गतिविधियाँ बढ़ गई है। पुलिस एवं प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए विभिन्न आदेश जारी किए हैं।

<u>निर्वाचन आयोग –पीडब्यूडी आईकॉन</u>

निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल देवी को राष्ट्रीय दिव्यांग आईकन घोषित किया है। इसका उद्देश्य मतदाताओं में शिक्षा और समावेश को बढ़ावा देना है। कल निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग खिलाडियों और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदाता दिशा निर्देश पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस पुस्तिका में ऐसे मतदाताओं के लिए विभिन्न् प्रकार की सुविधाओं का उल्लेख है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में मौसम ने इन दिनों एक बार फिर करवट ली है। पिछले कुछ दिनों से हो रही तापमान में बढ़ोतरी थम गई है और कुछ जिलों में बारिश और ओले गिरे हैं। पिछले 24 घंटों में जबलपुर संभाग में

कहीं–कहीं बारिश दर्ज की गई। वहीं मंडला जिले में कल शाम बारिश हुई और बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। बैतूल जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत हो गई।

मौसम विभाग ने आज भी ओलावृष्टि और बिजली गिरने को लेकर अनूपपुर, डिंडोरी, पाण्डूरना, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में ओरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही हल्की वर्षा और तेज हवाओं के लिए रायसेन, बैतूल, जबलपुर, सागर सहित 10 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विदिशा, बैतूल, उमरिया जिलों में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है।

क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने देलही कैपिटल्स को हराकर अपना पहला खिताब जीत लिया है। देल्ही ने बैंगलोर को 114 रन का लक्ष्य दिया जवाब में बैंगलोर ने 19 ओवर तीन गेंद में दो विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। बैंगलोर के लिए सोफी डिवाइन ने 32, कप्तान स्मृति मंधाना ने 31 और एलिस पेरी ने नाबाद 35 रन की पारी खेली। इससे पहले नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में देलही कैपिटल्स की पूरी टीम 19वें ओवर में 113 रन बनाकर आउट हो गई थी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर जिले में इस बार साढ़े चार लाख मैट्रिक टन से अधिक गेहूँ खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में गेहूं उपार्जन के लिए अंतिम दिन तक 55 हजार किसानों ने पंजीयन करा लिया है।
- रायसेन नगर के 23 परीक्षा केन्द्र में नव भारत साक्षरता उल्लास के अंतर्गत निरक्षरों को साक्षर बनाए जाने के उद्देश्य से कल परीक्षा का आयोजन किया गया।
- ग्वालियर जिले के निजी स्कूल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को किसी दुकान विशेष से यूनीफॉर्म, किताबें व कॉपियाँ इत्यादि खरीदने के लिये बाध्य नहीं कर सकेंगे। इस दिशा में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने धारा–144 के तहत आदेश जारी किया है।
- इंदौर जिले के शहरी एवं ग्रामीण सम्पूर्ण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। सम्पूर्ण जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर 30 जून 2024 तक प्रतिबंध लगाया गया है।
- खसरा मुक्त प्रदेश बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तर से विदिशा जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में खसरा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जन जागरूकता रैली निकाली गई।
- आगरमालवा में कॉटन प्रेस छावनी में आज से तीन दिनों तक राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन तथा गीता, रामायण प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के कई ज्योतिषाचार्य तथा विद्वान शामिल होगें।

——————————————

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) राजनीतिक हलचल

लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा और इंडी गठबंधन ने रैलियों का आयोजन शुरु कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडू में एनडीए की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कल कहा कि एनडीए गठबंधन क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय विकास को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए का उद्देश्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की छोटी-छोटी जरूरतों पर भी ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत क्षेत्र के किसानों को सात सौ करोड़ रुपये से अधिक धन उपलब्ध कराया जा चुका है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार के दौरान अनेक उच्च शिक्षण संस्थाओं का उद्घाटन किया गया और आधारशिला रखी गई है। उन्होंने नागरिकों का आहवान किया कि वे विकसित भारत के लिए डबल इंजन की सरकार को चुनें। तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन. चन्द्रबाबू नायडु, जनसेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण और सभी तीन दलों के नेताओं ने चुनावी रैली में भाग लिया।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। श्री गांधी ने कहा कि उन्हें चुनौतीपूर्ण भारत जोड़ो यात्रा करनी पड़ी क्योंकि बेरोजगारी, हिंसा, नफरत, महंगाई, किसानों के मुद्दे, अग्निवीर मुद्दों जैसे देश को बीमार करने वाले वास्तविक मुद्दों को मीडिया द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा था। राहुल गांधी मुंबई के प्रतिष्ठित शिवाजी पार्क में इंडिया गठबंधन की एक रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली से पहले राहुल गांधी ने मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक न्याय संकल्प पदयात्रा का नेतृत्व किया, जो उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन का प्रतीक है। किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि एनडीए सरकार कंपनियों द्वारा किसानों को उचित मुआवजा सुनिश्चित नहीं कर पाई है। गठबंधन के प्रमुख नेताओं में शिवसेना-यूबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज और पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती मौजूद रहे।

(2) लोकसभा तैयारियां प्रदेश

लोकसभा निर्वाचन हेतु प्रदेश में विभिन्न तैयारियां की जा रही है। अशोकनगर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में एमसीएमसी एवं एमसीसी की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में पेड न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया से संबंधित प्रकरणों के निराकरण किये जाने एवं विज्ञापनों के प्रमाणिकरण के संबंध में चर्चा होगी। खंडवा में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आज से 21 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। मतदान दल के लिए ई.व्ही.एम. के प्रशिक्षण के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय खण्डवा, सहित अन्य स्कूलों का चयन किया गया है। 3840 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिले से नियुक्त 68 मास्टर ट्रेनर द्वारा यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कटनी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जानकारियों के सम्प्रेषण,सूचनाएँ देने और शिकायतों

एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम 16 मार्च से ही काम कर रहा है। सतना में विभिन्न राजनैतिक दलो और चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियो द्वारा शासकीय, अशासकीय भवनो की दीवारो पर किसी प्रकार के नारे लिखकर सम्पत्ति का विरूपण किये जाने की स्थिति में आदर्श आचरण संहिता के तहत तय समय-सीमा में विरुपण हटाने के निर्देश संबंधित उड़नदस्ता अधिकारियों को दिये हैं।

ऐसे पोस्टर, बैनर हटाने, पम्पलेट, नारे मिटाने के लिये सतना और मैहर जिले की विधानसभा क्षेत्रों के लिये 20 दल गठित किये है। विदिशा में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमाओं के अंदर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अधीन प्रतिबंधित आदेश जारी किए है। इसके तहत राजनैतिक दलो तथा संभावित प्रत्याशियो द्वारा जुलूस, जनसंपर्क, आमसभाएं इत्यादि गतिविधियों के लिए अनुमति लेना होगी। प्रशासनिक अमले ने नर्मदापुरम जिले में संपत्ति विरूपण अभियान के तहत कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। जगह-जगह नगर पालिका की टीम शहरी क्षेत्र और जनपद पंचायत का अमला ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण की कार्रवाई कर रहा है। होर्डिंग्स पोस्टर और बैनर हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। सागर जिले में चुनावी गतिविधियाँ बढ़ गई है। पुलिस एवं प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए विभिन्न आदेश जारी किए हैं।

## (3) मौसम

प्रदेश में मौसम ने इन दिनों एक बार फिर करवट ली है। पिछले कुछ दिनों से हो रही तापमान में बढ़ोतरी थम गई है और कुछ जिलों में बारिश और ओले गिरे हैं। पिछले 24 घंटों में जबलपुर संभाग में कहीं-कहीं बारिश दर्ज की गई। वहीं मंडला जिले में कल शाम बारिश हुई और बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। बैतूल जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत हो गई।

मौसम विभाग ने आज भी ओलावृष्टि और बिजली गिरने को लेकर अनूपपुर, डिंडोरी, पाण्डूरना, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में ओरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही हल्की वर्षा और तेज हवाओं के लिए रायसेन, बैतूल, जबलपुर, सागर सहित 10 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विदिशा, बैतूल, उमरिया जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

------------------------------